कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आगर मालवा (म.प्र.)

// आदेश //

क्रमांक 223 /परिवीक्षा अवधि नस्ती/26, आगर मालवा, दिनांक 16/10/2026

कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, शाजापुर म.प्र. के आदेश क्रमांक 687/दो–11–4/12, दिनांक 02.09.2023 द्वारा स्टायपेंड वेतन प्राप्त निम्न सरल क्रमांक 01 लगायत 06 तक के तृतीय श्रेणी कर्मचारीगण को 03 वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर सहायक ग्रेड–3 के पद पर नियुक्त किया गया था तथा आदेश क्रमांक 108 शाजापुर दिनांक 13.02.2024 द्वारा सरल क्रमांक 07 में अंकित कर्मचारी की पदोन्नति दैनिक वेतनभोगी के पद से नियमित चतुर्थ श्रेणी के पद पर 02 वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर की गयी थी। उक्त तृतीय व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारीगण द्वारा परिवीक्षा अवधि निम्न सारणी के कॉलम–4 में अंकित दिनांक को सफलतापूर्वक पूर्ण किये जाने व इस स्थापना पर गठित विभागीय पदोन्नति समिति के "अनुशंसा" सहित प्रतिवेदन क्रमांक 21/26 दिनांक 16.10.2026 को अनुमोदित किये जाने के फलस्वरूप निम्नानुसार परिवीक्षा अवधि समाप्त की जाती है:–

क्रं.	नाम कर्मचारी व पदनाम	कार्यभार ग्रहण करने की दिनांक	परिवीक्षा अवधि समाप्ति का दिनांक
1	2	3	4
1	श्री रवि कुशवाह, साक्ष्य लेखक (सहायक ग्रेड–3) न्यायालय–द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, आगर मालवा	06/09/2023 दोप.पूर्व	06/09/2026
2	श्री प्रबलराज बेलिया साक्ष्य लेखक (सहायक ग्रेड–3) न्यायालय–व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खण्ड सुसनेर	11/09/2023 दोप.पूर्व	11/09/2026
3	श्री हिमांशु ताम्रकर साक्ष्य लेखक (सहायक ग्रेड–3) न्यायालय–व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खण्ड के अतिरिक्त न्यायाधीश, नलखेड़ा	11/09/2023 दोप.पूर्व	11/09/2026
4	श्रीमती पूजा राठौर, साक्ष्य लेखक (सहायक ग्रेड–3) न्यायालय–प्रथम व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ खण्ड न्यायालय के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश, आगर मालवा	06/09/2023 दोप.पूर्व	06/09/2026

कं.	नाम कर्मचारी व पदनाम	कार्यभार ग्रहण करने की दिनांक	परिवीक्षा अवधि समाप्ति का दिनांक
5	श्री गौरव त्रिपाठी, सहायक अभिलेखपाल (सहायक ग्रेड–3) जिला अभिलेखागार अनुभाग आगर मालवा	13/09/2023 दोप.पूर्व	13/09/2026
6	सुश्री आकांक्षा चौरसिया, साक्ष्य लेखक (सहायक ग्रेड–3) न्यायालय–द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खण्ड/जिला रजिस्ट्रार आगर मालवा	06/09/2023 दोप.पूर्व	06/09/2026
	चतुर्थ श्रेणी संवर्ग कर्मचारी		
7	श्री अखलेश यादव, आवासीय भृत्य न्यायालय–द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, आगर मालवा	16.02.2024	16.08.2026 (02 वर्ष की परिवीक्षा अवधि 16.02.2026 को पूर्ण होने के फलस्वरूप कार्या. आदेश कं. 106/दि. 06.05.26 द्वारा 06 माह की वृद्धि की गई)

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
आगर–मालवा (म.प्र.)

17545(1-5)

पृष्ठांकन क्रमांक...../परिवीक्षा अवधि नस्ती/26, आगर मालवा, दिनांक.16./10/2026

<u>प्रतिलिपिः–</u>

1. जिला कोषालय अधिकारी, आगर मालवा म0प्र0,
2. लेखापाल, लेखानुभाग जिला न्यायालय आगर मालवा,
3. वेतन लिपिक, लेखानुभाग जिला न्यायालय आगर मालवा, की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।
4. संबंधित कर्मचारी श्री..... की ओर सूचनार्थ अग्रेषित।
5. आई0टी0 असिस्टेंट कम्प्यूटर अनुभाग आगर मालवा की ओर जिला न्यायालय की वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु अग्रेषित।

16/10/2026

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
आगर–मालवा (म.प्र.)